दैनिक जागरण – 01.05.2020

# जनता के सहयोग में उतरे सीआरपीएफ जवान

## जरूरतमंदों के बीच किया अनाज, साबुन, सैनिटाइजर व मास्क का वितरण, लॉकडाउन का पालन करने की अपील

कोरोना को हराना है

**संवाद सूत्र, चंदवा :** देश की सुरक्षा के लिए प्राणों की बाजी लगाने वाला केन्द्रीय रिजर्व सुरक्षा बल वैश्विक महामारी कोरोना की जंग में जनता की सहायता करने में जुटा है। लॉकडाउन में कोई भूखा न रहे इसके लिए जरूरतमंदों के बीच शारीरिक दूरी का अनुपालन कराते हुए अनाज, सैनिटाइजर, साबुन, मास्क आदि का वितरण किया गया।



जरूरतमंद महिलाओं को सामग्री देते बाएं से सीआरपीएफ के डिप्टी कमांडेंट रविशंकर उनके दाएं बीडीओ अरविंद कुमार व सीओ मुमताज अंसारी ● जागरण

मौके पर मौजूद बीडीओ अरविंद कुमार और सीओ मुमताज अंसारी ने सीआपीएफ की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे ही कार्यों के कारण सीआरपीएफ का कद जनता के बीच बढ़ता जा रहा है। सीआरपीएफ देश सेवा के साथ जनता की सेवा में जुटा है। वैश्विक महामारी कोरोना के इस जंग में उनकी सार्थक भूमिका का लाभ भविष्य में देखने को मिलेगा। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी मदन कुमार शर्मा ने वहां पहुंचे लोगों से लॉकडाउन के नियमों के अनुपालन करते सीआरपीएफ द्वारा प्रदत साबुन और सैनिटाइजर का उपयोग करने की सलाह दी। कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग के तहत इंदिरा गांधी चौक के नजदीक निश्शुल्क भोजनालय का संचालन किया जा रहा है। गांवों में दीदी किचन का संचालन किया जा रहा है। असहाय और जरूरतमंद लोग वहां पहुंच भोजन प्राप्त कर पेट की क्षुधा शांत कर सकते हैं। सीआरपीएफ सहायक कमांडेट रविशंकर सिंह ने कहा कि कोरोना को हराने के लिए सबकी सार्थक भूमिका आवश्यक है। इसके लिए आवश्यक है कि जनता लॉकडाउन के नियमों का अनुपालन करें। सरकार और प्रशासन के साथ-साथ सीआरपीएफ लोगों का सहयोग अनवरत करती रहेगी। लोगों की समस्याओ के समाधान के साथ ग्रामीणों की जरूरतों को पूरा कर रही है। मौके पर मुखिया पुष्पा देवी, राजन कुमार, उमेश कुमार समेत बड़ी संख्या में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीण मौजूद थे।

**अनावश्यक लोगों के पहुंचने के कारण दिखा भीड़ का नजाराः** सीआरपीएफ द्वारा अनाज, साबुन, सैनिटाइजर और मास्क वितरण की सूचना पर चिन्हित लोगों के साथ अन्य लोगों के सीआरपीएफ कैंप परिसर के नजदीक पहुंच जाने के कारण कुछ पलों के लिए भीड़ की स्थिति बन गई। सहायक कमांडेट रविशंकर सिंह को मिली भीड़ की सूचना के साथ ही लोगों को जागरूक करते शारीरिक दूरी का अनुपालन कराते संबंधित सामग्री का वितरण किया। वहां पहुंचे लोगों को बताया गया कि किसी भी स्थिति में उन्हें भीड़ का हिस्सा नहीं बनना है।

दैनिक भास्कर – 03.05.2020

**पहल** • केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की बटालियन ने जरूरतमंद ग्रामीणों में सामग्री बांट किया सहयोग

# सीआरपीएफ ने 800 लोगों को बांटी खाद्य सामग्री

भास्कर न्यूज़ | गोइलकेरा

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 60 बटालियन द्वारा कोविड-19 महामारी के दौरान सैकड़ों ग्रामीणों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया। सीआरपीएफ कमांडेंट आनन्द कुमार जेराई के नेतृत्व में गोइलकेरा के नरसंडा, मतकमसाई और रेंगारबेड़ा गांवों में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। दुर्गम इलाकों में रहने वाले करीब 800 ग्रामीणों के बीच राहत सामग्री चावल, दाल, चना, तेल, आलू, प्याज के साथ साफ-सफाई हेतु साबुन एवं मास्क का वितरण किया गया। इसी क्रम में ग्रामीणों को खाद्य सामग्री के साथ जीवन यापन के लिए अनेक प्रकार के पौधों व सब्जी के खेती के बीज, साड़ी, धोती, गमछा, खाना बनाने के लिए बर्तन, बच्चों के लिए खेल सामग्री एवं स्कूल बैग का वितरण किया गया। वहीं प्रखंड कार्यालय गोइलकेरा द्वारा सभी ग्रामीणों को फूड वैन के माध्यम से भोजन कराया गया। कार्यक्रम में सामाजिक दूरी बनाकर सामग्रियों का वितरण किया गया।




**ये रहे मौजूदः** सीआरपीएफ कमान्डेंट आनन्द कुमार जेराई, द्वितीय कमान अधिकारी राजू डी नायक, सहायक कमाण्डेंट कौशल यादव, पंकज राय, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों में अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) प्रणव आनंद झा आदि।

## 126 असहाय के बीच गुड्स गार्ड व आरपीएफ ने बांटे राशन किट

**डांगुवापोसी** | लॉकडाउन थ्री के मद्देनजर शनिवार को रेलवे गुड्स गार्ड परिचालन विभाग और आरपीएफ डांगुवापोसी के सहयोग से डांगुवापोसी और उसके आसपास के क्षेत्रों में ग्रामीणों के बीच राशन सामग्री किट का वितरण किया गया। जिनमें बॉयलर, पूर्तिघिगिया, मुगादिघिपा और उसके आसपास के क्षेत्र शामिल रहे। मौके पर 76 लोगों को राशन किट और बिस्किट दिया गया। वहीं बड़ानन्दा पंचायत के सेताकिया व बुरुसाई गांव मे भी 50 असहायों व जरूरतमंदों के मध्य राहत सामग्री पैकेट आदि का वितरण किया गया। इसमें इंस्पेक्टर ए मिर्जा, उपनिरीक्षक उत्तम कु गौतम, एएसआई डी झा आदि का अहम योगदान रहा।

दैनिक भास्कर – 05.05.2020

# मनियाडीह में खाद्य सामग्री का वितरण



टुंडी|टुंडी प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित पश्चिमी क्षेत्र मनियाडीह थाना अंतर्गत मनियाडीह स्थित सीआरपीएफ के 154 /जी बटालियन स्थाई कैंप के प्रभारी हरिमोहन मीणा की ओर से सीआरपीएफ के 154वीं कंपनी के कमांडेंट आलोक वीर यादव के निर्देश पर सोमवार को कैंप के आसपास के क्षेत्र जीतपुर पंचायत के परसबनी, काशीटांड, पिपराडीह, बंगारो आदि गांव के जरूरतमंदों लोगों को खाद्य सामग्री का पैकेट दिया। जिसमें चावल, दाल, चना, नमक, साबुन, मास्क, सेनेटाइजर आदि था।

दैनिक भास्कर – 05.05.2020

**कोरोना से जंग** • मास्क और सैनिटाइजर देकर कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव को लेकर किया गया जागरूक

# सीआरपीएफ ने चतरा सीमा पर 250 जरूरतमंदों दिया राशन

भास्कर न्यूज़ | हजारीबाग

कोविड-19 वायरस के संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए जारी लॉकडाउन के कारण सीआरपीएफ 22 बटालियन हजारीबाग द्वारा चतरा जिला बार्डर एरिया के गरीब जरूरतमंद लोगों के बीच सोमवार को मुफ्त राशन के साथ मास्क, सैनिटाइजर और साबुन का वितरण किया गया। सीआरपीएफ 22 बटालियन के कमांडेंट राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर सहायक कमांडेंट दुर्गेश कुमार बी /22 बटालियन द्वारा चतरा के शिला पिकेट अंतर्गत पीरी के बिरहोर टोला एवं बेंदुआ के भुइयां टोला, झरना टोली, कुरूम, नवाटांड़, इचाक एवं ईद गांव के 250 से अधिक जरूरतमंद को सामान दिया। नागरिक सहायता कार्यक्रम के तहत चावल, दाल, नमक, आलू, प्याज, चूड़ा, चना, गुड़, सत्तू, मास्क, सैनिटाइजर, हाथ धोने का साबुन आदि का पैकेट वितरण किया गया। साथ ही कोविड-19 के बचाव के उपाय के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर 22बी वाहिनी के सहायक कमांडेंट दुर्गेश कुमार ने कहा कि कोविड-19 दुनिया के लिए महामारी बन चुका है। यह हमारे देश मे भी धीरे धीरे अपना पांव पसार रहा है।इस खतरनाक महामारी से बचाव के लिए सभी लोग लॉक डाउन नियम का अनुपालन करें और पूर्ण रूप से घर में ही रहे। मौके पर सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर अभिराम, एसडीपीओ सिमरिया बुद्धदेव कुजूर, इंस्पेक्टर पी प्रसाद, थाना प्रभारी सिमरिया लव कुमार सिंह एवं शीला ओपी प्रभारी रंजीत मंडल सहित बी/22 बटालियन के जवान व कर्मी उपस्थित थे।




## चुरचू में ग्रामीणों को दी राहत सामग्री

चरही | चुरचू प्रखंड के आदिवासी बहुल ग्रामीण क्षेत्र चुरचू में सीआरपीएफ ए 22 बटालियन ने कोरोना वायरस के संक्रमण को लेकर हुए लॉकडाउन को देखते हुए ग्रामीणों के बीच पहुंचकर खाद्य सामग्री बांटी। यह कार्यक्रम सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत किया गया। चुरचू प्रखंड के जमडीहा और बेलगडा गांव में सीआरपीएफ ए 22 बटालियन के कमांडेंट आरके सिंह के निर्देशानुसार खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। अल्फा 22 कंपनी के सीआरपीएफ सहायक कमांडेंट मनोज सिंह व बीडीओ सह सीओ नीतू सिंह के हाथों जमडीहा में 70 और बेलगडा में 40 जरूरतमंद, असहाय व गरीबो के बीच चावल, दाल, सत्तू का पैकेट, चूड़ा, गुड़, नमक, आलू, प्याज आदि खाद्य सामग्री का वितरण किया गया।

दैनिक भास्कर – 05.05.2020



## गलियों से हटी सीआरपीएफ

**बैरिकेडिंग के पास जवान चुस्त :** सीआरपीएफ जवान हिंदपीढ़ी से शहर के अन्य इलाकों की ओर निकलने वाले रास्ते पर तैनात हैं। यहां पर लॉकडाउन के सारे नियम-कानून लागू हो रहे हैं। लोग सोशल डिस्टेंसिंग अपना रहे हैं। बिना मास्क के भूल कर भी नहीं जाते हैं। रास्ते पर लोगों वही लोग दिखे हैं, जिन्हें वॉलेंटियर से जरूरी सामान बाजार से मंगवान हों।

दैनिक भास्कर –06.05.2020

# सीआरपीएफ ने शिविर लगा अनाज और सामग्री बांटा



राहत सामग्री बांटते सीआरपीएफ के जवान।

**भास्कर न्यूज़** | डुमरी

सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत सीआरपीएफ की 154 बटालियन द्वारा पारसनाथ की तराई में बसे निमियाघाट थाना क्षेत्र के उग्रवाद प्रभावित ग्रामीणों के बीच मंगलवार को कोरोना आपदा शिविर लगा कर अनाज और पर्सनल हाइजीन से संबंधित सामग्री बांटी गयी। उप्रवि खुटा के परिसर में बटालियन के कमांडेंट आलोक वीर यादव के निर्देश पर गिरिडीह जिला के ऑफिसर कमांडिंग संजय चौहान के नेतृत्व में लगाये गये इस शिविर में खूटा, खेजवाली, बंदखारो और चपरखो के लगभग दो सौ ग्रामीण महिला और पुरुषों को चावल, चना दाल, नमक, साबुन, मास्क और सैनेटाइजर का वितरण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों के बीच सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करवाते हुए सामग्रियों का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित ऑफिसर कमांडिंग चौहान ने लोगों से कोरोना महामारी से बचाव के लिए समाजिक दूरी बनाये रखने, एक-दूसरे के संपर्क से बचने, नियमित अंतराल पर साबुन से हाथ धोने, सैनेटाइजर का प्रयोग करने और अपने आसपास के क्षेत्रों को साफ सुथरा रखने की अपील की। कहा कि आज देश महासंकट से गुजर रहा है। ऐसे में इस महामारी से लड़ने के लिए उनकी जिम्मेवारी बढ़ जाती है। इस मौके पर थाना प्रभारी विकास पासवान, उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, आरक्षी रूपेश कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, मनोज कुमार, मुखिया पति दौलत तुरी आदि उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर – 06.05.2020

# सीआरपीएफ ने लोगों के बीच फेस मास्क, सैनिटाइजर और अनाज बांटा

भास्कर न्यूज | गोमिया

वैश्विक महामारी कोरोना को देखते हुए सीआरपीएफ 26वीं बटालियन कोनार डैम ई कंपनी की ओर से डीवीसी कोनार डैम स्कूल के मैदान में सीआरपीएफ कमांडेंट अखिलेश सिंह के निर्देश पर सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत 165 लोगों के बीच मास्क, सैनिटाइजर व साबुन वितरण किया गया। सीआरपीएफ के इस प्रोग्राम से जरकुंडा, लोधी, अरजरी, लहरियाडीह, बड़की चिदरी, जमनीजारा, कोड़वा, चिलगो के मजदूर, किसान और जरूरतमंद ग्रामीण लाभान्वित हुए।

कार्यक्रम में कमांडेंट अखिलेश सिंह, ई कंपनी के कमांडर इंस्पेक्टर राम मिलन, सीआरपीएफ के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आशीष शांडिल्य ने संयुक्त रूप से ग्रामीणों को स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए चावल, दाल, नमक, फेस मास्क, ग्लब्स, सैनिटाइजर और साबुन परिवार के हर सदस्य के बीच वितरण किया।



ग्रामीणों के बीच सामग्री का वितरण करते सीआरपीएफ अधिकारी।

कमांडेंट अखिलेश सिंह ने ग्रामीणों को समझाया कि कोरोना वायरस का दुनिया में अब तक दवा नहीं बनी है। मानव से मानव में यह वायरस फैलता है। कहा कि सामाजिक दूरी बनाने से इस वायरस का चेन टूट पाएगा। इसीलिए प्रधानमंत्री ने 17 मई तक लॉकडाउन को बढ़ाया है। घर में रहकर ही कोरोना वायरस को हराया जा सकता है। मौके पर कांस्टेबल रचित कुमार राय, कांस्टेबल ब्रजेश कुमार, अजीत कुमार, रायकांत सरोज, बबलू कुमार, सूरज कमल, एसके जमाल, विशाल पांडेय, सुमेर सिंह मिल, जोहार अली सेख, बड़की चिदरी पंचायत के मुखिया टूकन महतो आदि मौजूद थे।

दैनिक भास्कर – 06.05.2020

# सीआरपीएफ ने किया जरूरतमंद परिवारों को दी खाने की सामग्री

भास्कर न्यूज | सतगांवा



खाद्य समाग्री का वितरण करते सहायक कमांडेंट।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल एफ/22 बटालियन की ओर से सुदूरवर्ती पंचायत राजाबर के हंडोलवा, बैगना, छपरी, मोचरामो में मंगलवार को सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत जरूरतमंद परिवारों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर राजाबर कैंप के सहायक कमांडेंट अन्नु नोवाल ने लोगों के बीच आलू, सत्तू, चूड़ा, चना दाल, प्याज, नमक, तेल सहित साबुन, मास्क व सेनिटाइजर का वितरण सोशल डिस्टेसिंग के तहत किया। मौके पर उन्होंने कहा की लॉकडाउन के कारण असहाय परिवार के लोगो को दैनिक जीविकोपार्जन करना मुश्किल हो रहा है। इनके समक्ष जीविकोपार्जन का साधन बंद होने से भुखमरी की स्थिति आ गई है, इसको ध्यान में रखते हुए सीआरपीएफ की ओर से खाद्य सामग्री का वितरण किया जा रहा है, ताकि कोई लोग भूखा न रहे। वहीं कंपनी के निरीक्षक सत्यपाल कुमार ने कहा कि इस विषम परिस्थिति में कोई भी गरीब भूखा नहीं रहे, जिसको ध्यान में रखते हुए लोगों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया गया है। मौके पर थाना प्रभारी अरविंद कुमार, मुखिया परमेश्वर शर्मा, सीताराम राय के अलावा सीआरपीएफ के दर्जनों जवान मौजूद थे।

दैनिक भास्कर – 07.05.2020

# नक्सल प्रभावित गांवों में सीआरपीएफ के जवान निरंतर पहुंचा रहे राहत सामग्री

भास्कर न्यूज़ | गोमिया

गोमिया प्रखंड के अति नक्सल प्रभावित झुमरा पहाड़ की तलहटी स्थित आधा दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों को सीआरपीएफ के जवानों ने कोविड-19 के दौरान लागू लॉक डाउन में भोजन और राहत सामग्री दे रहे हैं। सीआरपीएफ की 26 वीं बटालियन की ओर से इन सुदूर गांवों में आम ग्रामीणों के बीच राशन और उनके रोजमर्रा की जरूरत की चीजों को प्रदान करने की कवायद हर दिन की जा रही है।



ग्रामीणों में खाद्य सामग्री वितरित करते सीआरपीएफ के जवान।

ग्रामीणों की मानें तो इस लॉक डाउन के दौरान इन सुदूर ग्रामीण इलाकों में संचार की सारी व्यवस्था ठप पड़ गई है। वैसे में सीआरपीएफ के जवान ग्रामीणों की जरूरत की सारी चीजें प्रदान कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार झा ने बताया कि जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ की संयुक्त पहल से झुमरा स्थित ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार लोगों को राहत सामग्री के साथ-साथ जरूरत की अन्य चीजें प्रदान की जा रही हैं।

दैनिक भास्कर – 07.05.2020

# 209 कोबरा बटालियन ने लोगों को बांटे खाद्यान



खूंटी | कोरोना महामारी को देखते हुए 209 कोबरा बटालियन ने बुधवार को फुद्दी गांव में 250 से अधिक जरूरतमंदों के बीच खाद्यान का वितरण किया। सिविक एक्शन के तहत आयोजित खाद्यान वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में 209 कोबरा बटालियन के कमांडेंट सुरेंद्र कुमार उपस्थित थे। मौके पर कमांडेंट सुरेंद्र कुमार ने कहा कि कोरोना महामारी से बचने के लिए सोशल डिस्टेंसिंग एवं मास्क का प्रयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महामारी से बचने के लिए साफ सफाई भी आवश्यक है। मौके पर ग्रामीणों के बीच मास्क का वितरण किया गया। मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी पिंटू कुमार यादव, मुखिया हरमन टोप्पो, सरपंच सुसरण डेरे सांगा आदि मौजूद थे।

Morning India - 07.05.2020



CPRF men stand guard at a key road connecting Covid-19 hotspot and Main Road in the capital on Wednesday.
Hemant Sutradhar

दैनिक भास्कर – 08.05.2020

# सीआरपीएफ ने जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच खाद्यान्न का किया वितरण



**गोमिया** | सीआरपीएफ 26वीं बटालियन की ओर से गुरुवार को खाद्यान्न वितरण अभियान के क्रम में समादेष्टा अखिलेश कुमार सिंह के दिशा-निर्देश पर केदला एवं आसपास के 375 ग्रामीण परिवारों के लोगों के बीच खाद्यान्न किट का वितरण किया गया। खाने-पीने की वस्तुओं के अलावा उनके बीच मास्क और सैनिटाइजर भी बांटे गए। केदला बस्ती, परसाबेड़ा, मांझी टोला, साहु टोला, मुस्लिम टोला, झरना बस्ती, लाल डुंगरी, नावाडीह पश्चिम आदि गांव में वितरण किया गया।

दैनिक भास्कर – 08.05.2020



रनिया में खाद्य सामग्री वितरण करते सीआरपीएफ के अधिकारी।

# रनिया में सीआरपीएफ ने 45 परिवारों के बीच बांटी खाद्य सामग्री

रनिया | कोरोना वायरस जैसे महामारी फैलने के कारण और पूरे देश में लॉकडाउन को देखते हुए सीआरपीएफ 94 बटालियन के कमांडेट ब्रजेश सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर रनिया के बलंकेल बंदाटोली में 45 परिवारों के बीच रनिया के कंपनी कमांडर राजेंद्र सिंह रावत के द्वारा चावल, दाल, साबुन, सेनिटाइजर और मास्क का वितरण किया गया। मौके पर रावत ने कोविड 19 से बचाव के साथ साथ सतर्कता रहने की नसीहत दी। इस बीच सीआरपीएफ के उप निरीक्षक नयन सिंह, तेजा राम, महेंद्र सिंह, सुमेंद्र टोपनो, चंदन सिंह सहित अन्य जवान उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर – 08.05.2020

# लोगों ने सीआरपीएफ जवानों पर फूल बरसाकर किया सम्मानित



**रांची** | कोरोना वॉरियर्स सीआरपीएफ और जिला पुलिस के जवानों को गुरुवार को बड़ा तालाब के पास स्थित मंगल चौक पर बैरिकेडिंग से बाहर रहने वाले लोगों ने सम्मानित किया। लोगों ने छत पर से जवानों के ऊपर फूल बरसाकर उनकी हौसला अफजाई की। लोगों से मिले इस सम्मान से ड्यूटी पर तैनात सब इंस्पेक्टर सुमित कुमार सिंह, विवेकानंद दुबे, एसआई आशीष रंजन, सब इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार, सीआरपीएफ जवान राकेश झा, रवि शंकर सिंह, अशोक कुमार, बनारसी प्रसाद यादव, राजेश कुमार व असिस्टेंट कमांडेंट प्रदीप कुमार यादव अभिभूत हो गए।

दैनिक जागरण – 08.05.2020

# हिंदपीढ़ी में फिर से फ्लैग मार्च, चार अलग-अलग एफआइआर दर्ज



डेली मार्केट थाने की पुलिस और वहां तैनात सीआरपीएफ के जवानों को स्थानीय लोगों ने सम्मानित किया। महिलाओं ने उनकी आरती उतारी और फूल बरसाये ● जागरण

**जासं, रांची :** कोरोना कंटेनमेंट जोन हिंदपीढ़ी में पुलिस की सख्ती जारी है। चार अलग-अलग एफआइआर दर्ज की गई है। एफआइआर में लॉकडाउन उल्लंघन करने, संक्रमण फैलाने का आरोपित बनाया गया है।

हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी ज्ञान रंजन सिंह ने बताया कि पहली एफआइआर लाह फैक्ट्री निवासी मोहम्मद आसिफ पिता कयूम, मोहम्मद रसीद पिता शाहिद के खिलाफ दर्ज की गई है। मामले में एक बाइक टीवीएस स्पोर्ट्स (जे एच 01डी एल 2593) जब्त किया गया है। वहीं, दूसरी एफआइआर गुरुद्वारा मल्लाह टोली निवासी करण निषाद और रोहित कुमार निषाद पर है। तीसरी एफआइआर मो. फैयाज, पिता मोहम्मद सज्जाद नेजाम नगर पर दर्ज की गई है। चौथी एफआइआर मो. मुजाहिद पिता अफसर अली मोती मस्जिद पर की गई है। इसकी स्कूटी (जेएच 01 डीके 3172) जब्त की गई है। साथ ही पूरे दिन रांची पुलिस और सीआरपीएफ के जवान फ्लैगमार्च करते रहे। इधर, एसएसपी अनीश गुप्ता खुद हिंदपीढ़ी पहुंचे। उन्होंने पूरी स्थिति का जायजा लिया। जबकि ट्रैफिक एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग भ्रमणशील रहे।

## बाइक से घूमने वालों पर लाठियां भी बरसाई

हिंदपीढ़ी के अलग-अलग हिस्सों में बेवजह घूमने वालों पर पुलिस और सीआरपीएफ जवानों ने लाठियों भी बरसाई। ग्वाला टोली चौक और दर्जी मोहल्ला में लॉकडाउन का उल्लंघन करने वाले युवकों को खदेड़ा। कई नाबालिग लड़कों को यह हिदायत देकर छोड़ा गया कि वे दोबारा सड़क पर घूमते दिखे तो उनकी बाइक जब्त कर ली जाएगी। साथ ही उन पर भी केस दर्ज किया जाएगा।

दैनिक जागरण – 08.05.2020



एकरा मस्जिद के पास तैनात सीआरपीएफ के जवान • जागरण

दैनिक भास्कर – 10.05.2020

# सीआरपीएफ ने रंका के 110 गरीबों को दिया राशन, मास्क व सेनिटाइजर




भास्कर न्यूज़| गढ़वा

सीआरपीएफ 172 बटालियन गढ़वा ने जिले के रंका थाना क्षेत्र के स्थित ब्लाक परिसर में 110 गरीब असहाय लोगों के बीच मास्क, हैंड सैनिटाइजर व खाने-पीने की सामग्रियां लोगों को उपलब्ध कराया। इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को नियमित रूप से फेस मास्क का उपयोग करने हैंड सैनिटाइजर व साबुन से हाथ धोने को लेकर जागरूक भी किया। इस अवसर पर सीआरपीएफ 172 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी जेपी सिंह ने कहा कि कमांडेंट आशीष कुमार झा के निर्देशानुसार हमारे नेतृत्व में शनिवार को जिले के रंका थाना क्षेत्र स्थित ब्लाक परिसर में 110 असहाय गरीब परिवार लोगों के बीच चावल, दाल, तेल, मसाला, नमक, हल्दी सहित अन्य जरूरतमंद सामग्री का वितरण किया गया। वही कोरोना महामारी के प्रति साफ सफाई का संदेश देते हुए उन्हें जागरूक भी किया। उन्होंने बताया कि जंगली क्षेत्र में गरीब का असर देखा जा सकता है। इसलिए सीआरपीएफ ने फैसला लिया कि ऐसे क्षेत्र में जरूरतमंदों के बीच खाद्यान्न का वितरण किया जाए। उन्होंने कहा कि इस विकट परिस्थिति में उन लोगों के पास खुद को खाने की सामग्री भी नहीं है। जिसे लेकर सीआरपीएफ के द्वारा लगातार आज 15 वी दिन भी वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस से पूरी दुनिया में तबाही मची हुई है। इस मौके पर उन्होंने लोगों को मास्क और सेनीटाइजर के सही इस्तेमाल करने का तरीका भी बताया। इसके साथ ही सभी को घर पर ही सुरक्षित रहने को कहा। मौके पर सहायक कमांडेंट तूलिका सिन्हा, सूबेदार मेजर दीपक कुमार, अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी निशांत अंबर सहित सीआरपीएफ के जवान शामिल थे।

# सुरक्षा के साथ लोगों की मददगार बनी सीआरपीएफ




ग्रामीणों के बीच खाद्य सामग्री बांटते सीआरपीएफ के अधिकारीगण ● जागरण

संसू, रमकंडा : सीआरपीएफ 172 बटालियन द्वारा कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव को लेकर ग्रामीणों के बीच सैनिटाइजर, मास्क एवं साबुन के साथ-साथ सूखा खाद्यान्न बांटा गया। रमकंडा प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड के दर्जनों गांवों के करीब डेढ़ सौ ग्रामीणों के बीच उक्त सामग्री का वितरण कमांडेंट आशीष कुमार झा के नेतृत्व में किया गया। झा ने कहा कि कोरोना महामारी से आज पूरा विश्व के साथ-साथ हमारा देश भी जूझ रहा है।

इससे निपटने के लिए सबको साथ मिलकर लड़ने की आवश्यकता है। सीआरपीएफ द्वारा जो यह सामग्री आपको उपलब्ध कराई जा रही है। यह आपके लिए सीआरपीएफ का एक सा छोटा सहयोग है। सीआरपीएफ आपके हर सुख दुख का साथी है। जब भी क्षेत्र के लोगों को हमारी जरूरत होगी हम आपके सहयोग के लिए आप सबों के साथ खड़ा मिलेंगे।

मौके पर मुख्य रूप से द्वितीय कमान अधिकारी जय प्रकाश सिंह, सहायक कमांडेंट तूलिका सिन्हा, इंस्पेक्टर चंद्रपाल पटेल, सूबेदार दीपक कुमार, बीडीओ रामजी वर्मा, थाना प्रभारी त्रिलोचन तामसोय, मुखिया राजकिशोर यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर – 10.05.2020

# कारीमाटी में कोबरा वाहिनी ने 198 लोगों के बीच सैनिटाइजर बांटा



**बरही** | 203 कोबरा वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल बरही द्वारा निरंतर जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री व हैंडवाश, साबुन, मास्क, सैनिटाइजर का वितरण किया जा रहा हैं। शनिवार को 203 कोबरा वाहिनी ने ग्राम कारीमाटी व माधोपुर पंचायत पंचमाधव के 198 जरूरतमंद लोगों के सामग्री का वितरण किया। वितरण के दौरान सोशल डिस्टेंस का पालन किया गया। द्वितीय कमान अधिकारी 203 कोबरा वाहिनी अमित कुमार के मार्गदर्शन में 198 जरूरतमंद परिवारों को सामग्री दी गई। इस अवसर पर उपस्थित बिजेंदर कुमार दास सहायक कमांडेंट ने ग्रामीणों को बताया कि कोरोना महामारी से बचाव को लेकर सामाजिक दूरी का पालन करनें, अपने हाथों को 20 सेकंड तक हैंडवॉश से साफ करने की जानकारी दी। मौके पर प्रति परिवार डेटॉल, हैण्डवॉश-02, फेस- मास्क 02 प्रति परिवार प्रति सदस्य, हैंड सैनिटाइजर 01 व डिटॉल साबुन 04 वितरित किया गया । इस अवसर पर बिजेंदर कुमार दास सहायक कमांडेंट, शर्मा करण अजय सहायक कमांडेंट, स्थानीय मुखिया हरेंद्र गोप, निरीक्षक राजेंदर सरोज, उपनिरीक्षक मिथिलेश यादव, सुनील कुमार, विजय सिंह मीना, सहा उपनिरीक्षक रोहित कुमार, हवलदार ब्रिजेश यादव, दिनेश कुमार, राजेश कुमार, सिपाही लक्की हिब, सतीश कुमार, अमित कुमार आदि उपस्थित थे।

प्रभात खबर – 10.05.2020

# कोरोना संकट से बचने के लिए सेना के जवान कर रहे हैं योग

- गुमला में नक्सल के खिलाफ लगातार अभियान जारी है.
- प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए सुबह में करते हैं योग.

प्रतिनिधि ▷ गुमला


योग करते सीआरपीएफ के जवान.

कोरोना वायरस अदृश्य शक्ति है, जिससे हथियार से नहीं लड़ सकते. इससे बचने के लिए शरीर को स्वस्थ रखना होगा. प्रतिरोधात्मक क्षमता बढ़ानी होगी, इसलिए गुमला जिले में कोरोना वायरस से बचने के लिए सेना के जवान (सीआरपीएफ-218 बटालियन) योगासन व प्राणायाम कर रहे हैं. हर सुबह जवान योग करते हैं, ताकि उनकी प्रतिरोधात्मक क्षमता मजबूत हो और वे इस संकट में कोरोना को हरा सके. गुमला नक्सल ए श्रेणी जिला है. यहां भाकपा माओवादी व पीएलएफआइ का प्रभाव है. सेना के जवान हर रोज जंगलों, पहाड़ों व गांवों में नक्सल के खिलाफ अभियान चला रहे हैं. बाइक से गांवों में घूमते हैं. पैदल जंगल व पहाड़ों में चढ़ रहे हैं. नक्सलियों के साथ कोरोना वायरस भी दुश्मन है, इसलिए सेना के जवान नक्सलियों से लड़ने के लिए हथियार व कोरोना को हराने के लिए योग कर रहे हैं. सीआरपीएफ-218 बटालियन के कमांडेंट एच रंजीत सिंह के निर्देश पर सभी कैंप में इस महामारी के समय योगासन व प्राणायम अनिवार्य कर दिया गया है. इस कार्यक्रम में द्वितीय कमान अधिकारी महेंद्र सिंह, उप कमांडेंट रिंकी झा, न्यमाई, दीपा राम, आशुतोष, राधेश्याम, एसी तथा निरीक्षक शबीबुल हसन, लाल चंद सहित सभी कंपनी के अधीनस्थ अधिकारी व जवान योग व प्राणायाम कर रहे हैं.

## मुखिया ने मजदूरों को कराया भोजन

गुमला. सिलाफारी पंचायत के मुखिया बंधु उरांव ने रांची से पैदल गुमला आने वाले मजदूरों को भोजन कराया. इस दौरान एक मजदूर के पैर में चप्पल नहीं देख, उन्होंने उसे चप्पल मुहैया कराया.

हिन्दुस्तान – 11.05.2020

# जवानों को कोरोना से बचाने के लिए कराया जा रहा है योग

## प्रशिक्षण

गुमला| संवाददाता

जिला मुख्यालय से सटे सिलम स्थित 218 बटालियन सीआरपीएफ कैंप में कोविड- 19 के बढ़ते प्रभाव के मद्देनजर बटालियन के जवानों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

बटालियन के अलावा जिले के सभी सुदूर कंपनी क्षेत्रों में तैनात जवानों के लिए टोंगो, चैनपुर, डुमरी, कुरूमगढ, बांसकरचा और बारेसांड में भी कमांडेंट एच रंजीत सिंह के निर्देश पर योगाभ्यास कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस बाबत बटालियन के कमांडेंट सिंह ने कहा कि योग और प्राणायाम के नियमित अभ्यास शरीर को स्वस्थ रखने के साथ हमारे प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने में काफी मददगार साबित होते हैं। यह खांसी, जुकाम, वायरल बुखार, कमर दर्द, सांस लेने में तकलीफ आदि बीमारियों में लाभकारी होते हैं।

हिन्दुस्तान – 11.05.2020




हरिहरगंज के तुरी गांव में सामान वितरण करती सीआरपीएफ की टीम।

# सीआरपीएफ ने मास्क व सेनेटाइजर बांटा

**पिपरा।** सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत शनिवार को सीआरपीएफ की 134 बटालियन की टीम ने हरिहरगंज थाना क्षेत्र के तुरी गांव में 100 ग्रामीणों के बीच मास्क, सेनेटाइजर, साबुन आदि का वितरण किया। सामान वितरण के समय सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया गया एवं बारी-बारी से एक-एक ग्रामीण को बुलाकर सामान दिया गया। सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट रूपेश कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीणों को कोरोना रोग से बचने के लिए साफ-सफाई से रहने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने एवं अनावश्यक रूप से घर से बाहर नहीं निकलने का अनुपालन करना आवश्यक है।

दैनिक भास्कर – 11.05.2020

**कोरोना वॉरियर्स** • सीआरपीएफ 172वीं बटालियन के कमांडेंट आशीष कुमार झा के निर्देश पर चला अभियान

# सीआरपीएफ ने 16वें दिन चिनिया में गरीब परिवार के बीच बांटी राहत सामग्री, मदद से लोगों के चेहरे खिले

भास्कर न्यूज | गढ़वा

सीआरपीएफ 172 वी बटालियन के कमांडेंट आशीष कुमार झा के निर्देश पर द्वितीय कमान अधिकारी जेपी सिंह के नेतृत्व में रविवार को गढ़वा जिले के चिनिया थाना क्षेत्र स्थित ब्लॉक परिसर में असहाय व जरूरतमंद लोगों के बीच सीआरपीएफ के द्वारा राहत सामग्री व मास्क, सेनेटाइजर का वितरण किया गया।

साथ ही नोज मास्क लगाने व सैनिटाइजर का उपयोग करने की जानकारियां भी दी गई। इस अवसर पर सीआरपीएफ 172वी बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी जेपी सिंह ने कहा कि कोरोना जैसी महामारी बीमारी को लेकर सरकार द्वारा लगाए गए लोक डाउन में असहाय व गरीब परिवारों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिसे देखते हुए सीआरपीएफ ने गरीब असहाय मजदूरों को राशन उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा गरीबो के चिन्हित सूची पर राशन का वितरण किया गया है। सीआरपीएफ के द्वारा 16 दिन राशन वितरण किया गया।



वितरण करते सीआरपीएफ के पदाधिकारी।

साथ ही उन्होंने कहा कि इस महामारी जैसी बीमारी में लोग अपना बचाव स्वयं करें। गंदगी ना फैलाएं, घर में ही रहें, सुरक्षित रहें। इस अवसर पर सहायक कमांडेंट तूलिका सिन्हा सूबेदार मेजर दीपक कुमार चिनिया प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुण्डा सहित सीआरपीएफ के जवान शामिल थे।

आज – 11.05.2020

# हिंदपीढ़ी में पुलिस और सीआरपीएफ ने इफ्तार के लिए बांटे 58 पैकेट खाद्य सामग्री

## लॉकडाउन के उल्लंघन में चार के खिलाफ एफआईआर



रांची। राजधानी रांची कोरोना वायरस के सबसे बड़े हॉटस्पॉट हिंदपीढ़ी का पूरा इलाका सील है। लॉकडाउन में लोग घर से बाहर नहीं निकले और उनकी जरुरत भी पूरी हो जाये। लोगों की जरुरत पूरी करने के लिए जिला प्रशासन ने वॉलेंटियर्स की व्यवस्था की थी।

लेकिन वहां वॉलेंटियर्स को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके कारण 50 में से 15 वॉलेंटियर्स ही सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। जबकि अधिकतर वॉलेंटियर्स अब रूचि नहीं दिखा रहे है।

इस संबंध में वॉलेंटियर्स का कहना है कि जिला प्रशासन की ओर से उन्हें तेल का प्रबंध सही से नहीं किया जाता। जबकि 50 से 60 किलोमीटर प्रतिदिन भ्रमण हो जाता है। वॉलेंटियर कभी बिना हेलमेट के निकल जाते है तो उन्हें सीआरपीएफ और पुलिस द्वारा परेशान किया जाता है, जबकि उनको जिला प्रशासन ने पास दिया है। पास दिखाने के बाद भी उन्हें परेशान किया जाता है।

हिंदपीढ़ी में लॉकडाउन के कारण लोग घरों से नहीं निकल रहे हैं।जिसके कारण उन्हें इफ्तार का सामान खरीदने में परेशानी हो रही है। इसे देखते हुए जिला पुलिस व सीआरपीएफ ने हिंदपीढ़ी में गरीबों की बीच 58 पैकेट बांटे।

जिसमें इफ्तार के लिए आवश्र्यक सामान थे, उस पैकेट में दूध, लच्छा सैवई, खजुर, केला, ड्राइ फ्रुट आदि रखा गया था। इफ्तार के लिए 58 पैकेट बांटने में सीआरपीएफ के डिप्टी कमाडेंट अनमोल कोर, हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी ज्ञान,बुढमु,सोनाहातू,नरकोपी थाना प्रभारी शामिल थे। हिंदपीढ़ी के लोगों ने इस कार्य के लिए पुलिस वालों की सराहना की। हिंदपीढ़ी थाना में रविवार को चार लोगों पर लॉकडाउन का केस किया गया है। उनमें बड़ी मस्जिद गली निवासी मो रासिद, मो समीर ,मो तबरेज तथा हाजी मासुका गली निवासी नौसाद उर्फ सोनू का नाम शामिल है।